Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 3 | जयशंकर प्रसाद (आत्मकथ्य)

## QUIZ-01

1. **कवि ने अपने मन को किसका रुप दिया है?**

A. भँवरे B. गीतकार

C. कोयल D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या:* मन रुपी भंवरा अपनी कहानी कहने के लिए गुनगुना रहा है।

2. **कवि के जीवन के सारे दु:ख-दर्द और अभाव अब कैसे हैं?**

A. मौन B. अधिक

C. कम D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या:* कवि कहता है कि जीवन के सारे कष्ट अब बोलते नहीं, बल्कि चुप हैं — यानी वे भीतर ही भीतर सहे जा रहे हैं, व्यक्त नहीं हो रहे।

3. **गहरे नीले आकाश में अनगिनत लोगों ने क्या लिखे हैं?**

A. आत्मकथा B. कविता

C. कहानियाँ D. गीत (A)

*व्याख्या:* आकाश को प्रतीक रूप में प्रयोग करते हुए कवि कहता है कि उसमें हर व्यक्ति ने अपनी पीड़ा या अनुभव 'आत्मकथा' की तरह दर्ज किया है।

4. **कवि के जीवन की गागर कैसी है?**

A. रंगीन B. खाली

C. भरी D. सुनहरी (B)

*व्याख्या:* 'गागर' जीवन का प्रतीक है, और खाली गागर उस अधूरेपन या रिक्तता को दर्शाता है जिसे कवि महसूस करता है।

5. **कवि ने खाली घड़े से किसकी ओर इशारा किया है?**

A. खाली घर B. सूखी नदी

C. असफल जीवन D. इनमें से कोई नहीं (C)

*व्याख्या:* खाली घड़ा यहाँ असफलता, अपूर्णता और जीवन में अर्थहीनता की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति है।

6. **कवि अपने किस स्वभाव को दोष नहीं देना चाहते हैं?**

A. मधुर B. उग्र

C, कोमल D. सरल (D)

*व्याख्या:* कवि अपने सरल स्वभाव को दोष नही देना चाहता।

7. **कवि अपने जीवन के किन अनुभवों को सबसे बाँटना नहीं चाहते?**

A. सार्वजनिक B. पारिवारिक

C. मधुर D. निजी (D)

*व्याख्या:* कवि अपने अत्यंत निजी अनुभवों को गुप्त रखना चाहता है, क्योंकि वे गहरे और संवेदनशील होते हैं।

8. **कवि के आलिंगन में आते-आते कौन रह गया?**

A. माँ B. पुत्री

C. प्रेमिका D. इनमें से कोई नहीं (C)

*व्याख्या:* कविता में प्रेमिका को कवि की भावनाओं के निकट आने वाला पात्र बताया गया है, जो अंततः पास आकर भी दूर रह गई।

9. **कविता में थका हुआ पथिक कौन है?**

A. कवि B. कवि का मित्र

C. कवि की प्रेमिका D. इनमें से कोई नहीं (A)

*व्याख्या:* थका हुआ पथिक जीवन की यात्रा से थके हुए कवि का प्रतीक है, जो अनुभवों और भावनाओं से भर गया है।

10. **मुरझाकर गिर रही पत्तियाँ किसकी प्रतीक हैं?**

A. खुशियों की B. उदासी का

C. निराशाओं का D. इनमें से कोई नहीं (C)

*व्याख्या:* गिरती हुई पत्तियाँ आमतौर पर पतझड़ और पतन का प्रतीक होती हैं, जो कवि की निराशा और टूटन को दर्शाती हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें। 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App